**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 02 OCT 2025** **Page No.** **City Page 7**

## सुभारती में दिखा ज्ञान, आस्था का संगम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में बुधवार को ज्ञान और आस्था का संगम देखने को मिला। यहां एक ओर खाद्य संरक्षण जैसे वैश्विक मुद्दे पर जागरूक किया। वहीं दूसरी ओर नवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इन आयोजनों ने विश्वविद्यालय के अकादमिक और सांस्कृतिक लोकाचार को एक साथ प्रदर्शित किया।

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने अंतरराष्ट्रीय खाद्य हानि और अपव्यय जागरूकता दिवस के अवसर पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। इसका उद्देश्य केवल एक प्रतियोगिता कराना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को भोजन की बर्बादी से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना था। डॉ. सुधीर त्यागी ने खाद्य हानि के गहरे सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भोजन का हर एक दाना कीमती है। उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।



सुभारती में नवरात्र पूजन में शामिल सीईओ व अन्य। स्रोत : संस्थान

**नवरात्रि का भक्तिमय आयोजन**

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा नवरात्रि पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इससे पूरा परिसर भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया। विश्वविद्यालय सीईओ डॉ. शल्या राज ने छात्रों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने और परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इंजीनियरिंग संकाय के डीन डॉ. मनोज कपिल ने कहा कि नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पूजन के बाद एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 02 OCT 2025** **Page No. 9**

2/10/25 PP 9

## भोजन का प्रत्येक दाना कीमती : डॉ. सुधीर

मेरठ। सुभारती विवि में बुधवार को खाद्य संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम और भक्ति के साथ नवरात्रि पर्व मनाया। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने 'अंतरराष्ट्रीय खाद्य हानि और अपव्यय जागरुकता दिवस पर क्विज आयोजित की। शुभारंभ कला एवं सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ.सुधीर त्यागी ने किया। डॉ.त्यागी ने कहा खाद्य हानि के गहरे सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव हैं। भोजन का प्रत्येक दाना कीमती है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। क्विज में विद्यार्थियों से वैश्विक रिपोर्ट, सतत विकास लक्ष्य और भारत में चल रही खाद्य संरक्षण पहल से जुड़े प्रश्न पूछे गए। डॉ.जावेद खान, डॉ.सपना शर्मा, डॉ.अल्पना और भावना जोशी सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 05 OCT 2025** **Page No. 6**

शहर 30S

5/10/25 H 06

### आठ अक्टूबर से बास्केटबॉल प्रतियोगिता



कंकरखेड़ा। सेंट फ्रांसिस स्कूल में 8 अक्टूबर से सीआईएससीई राष्ट्रीय बॉयज बास्केटबॉल प्रतियोगिता होगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 14 राज्यों की 40 टीमें भाग लेंगी। सीआईएससीई उत्तर प्रदेश रीजन के कोऑर्डिनेटर डेविड शिरील ने बताया प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। प्रधानाचार्या सिस्टर मारिशा ने बताया मुकाबले अंडर 14, अंडर 17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खेले जाएंगे। मैच स्कूल के बास्केटबॉल मैदान और सुभारती विवि के बॉस्केटबॉल स्टेडियम में खेले जाएंगे। पंजीकरण 7 अक्टूबर को सेंट फ्रांसिस स्कूल में किया जाएगा। शुभारंभ सुभारती

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 07 OCT 2025** **Page No. 6**

सहरावत, जतिन, उमर मौजूद रहे। के इमाम मुफ्ता एजाज, मौलाना गजनफर अल्वी, शहजाद अल्वी रहे।

6- H- 7.10 25

# छात्रों को समझाए दार्शनिक पहलू

**मेरठ, संवाददाता।** सुभारती विवि में सोमवार को कला, संस्कृति, और सामाजिक समानता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन के ललित कला विभाग में 'शिव अनुग्रह प्रतिमाओं' विषय पर व्याख्यान हुआ।

बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शांति स्वरूप सिन्हा ने भगवान शिव की कल्याणकारी मूर्तियों के प्रतीकात्मक, सौंदर्य और दार्शनिक पहलुओं को समझाया। डीन प्रो. पिंटू मिश्रा और एचओडी डॉ. पूजा गुप्ता ने शांति स्वरूप को सम्मानित किया। डॉ. वंदना तोमर, डॉ. सोनल भारद्वाज, डॉ. पवनेंद्र तिवारी, डॉ. अंशु श्रीवास्तव, डॉ. आशीष मिश्रा, लकी त्यागी एवं प्रियंका सिंह का सहयोग रहा। लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज विभाग द्वारा 'जेंडर एंड सोसाइटीः ब्रेकिंग स्टीरियोटाइप्स एंड बिल्डिंग इक्वेलिटी' पर व्याख्यान में एचओडी प्रो. ज्योति ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नियति गर्ग, डॉ. मोहिनी मित्तल, डॉ. रूबी, डॉ. लवली, डॉ. किरण रानी, डॉ. जूली, डॉ. कपिल, अतुल कौशिक, मंजीत गोस्वामी, पुनीत गोस्वामी, उज्जवल एवं जय मौजूद रहे।



सुभारती विवि में सोमवार को आयोजित व्याख्यान में अतिथियों का स्वागत किया गया।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 08 OCT 2025** **Page No.** **City Page 5**

बुलबुल के रूप में प्रवाहित कर विद्युत वायु का स्तर शुद्ध होता है।

08/10/25 05 My City

## रामकृष्ण मिशन का दौरा किया

**संवाद न्यूज़ एजेंसी**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के अधीन स्थापित स्वामी विवेकानंद शोध पीठ के प्रतिनिधिमंडल ने रामकृष्ण मिशन नई दिल्ली का दौरा किया। यह यात्रा दोनों संस्थानों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग के लिए हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का महत्वपूर्ण अंग रही। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विश्वविद्यालय की संयोजक प्रो. मोनिका मेहरोत्रा रहीं।

प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार वर्मा ने सह नेतृत्व किया। रामकृष्ण मिशन की ओर से सचिव सर्वलोकानंद महाराज ने अतिथियों का स्वागत कर संस्थाओं के साझा उद्देश्यों पर चर्चा की। संवाद में यह बात सामने आई कि आज की शिक्षा नैतिकता, सेवा और चरित्र निर्माण का माध्यम बननी चाहिए।



कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते हुए। स्रोत: स्वयं

दोनों संस्थानों ने संयुक्त रूप से संगोष्ठिया, शोध परियोजना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वरीयता सूची बनाकर 13 अक्तूबर तक इनके  कंफर्म करना होगा। विवि के अनुसार आवेदन ... प्रक्रिया तय कर दी है। संवाद

9/10/25 05 My City

# सुभारती में दिखी नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक चेतना की लहर

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों ने विश्वविद्यालय की उस दृष्टि को और सशक्त किया, जो शिक्षा को आत्मनिर्भरता, अनुसंधान, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों के साथ जोड़ती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल जीके थपलियाल, डॉ. मनोज कपिल और डॉ. पिंटू मिश्रा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान पद्धति, वैज्ञानिक लेखन और बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय पर प्रकाश डाला गया। इससे लगा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रेरक मंच है जहां नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और सामाजिक चेतना एक साथ विकसित हो रहे हैं। संवाद



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। स्रोत : विवि

Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 10 OCT 2025** **Page No.** **City Page 7**

आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

10/10/25 Pg.-07 Amar Ujala

## सुभारती में रही शैक्षणिक प्रस्तुतियों की धूम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें चिकित्सा अनुसंधान में मिली बड़ी सफलता से लेकर बौद्धिक संपदा अधिकार, डिजिटल वर्कफोर्स और कला-संस्कृति पर केंद्रित सत्र शामिल रहे।

सुभारती मेडिकल कॉलेज ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से वर्ष 2025 के लिए 11 प्रतिष्ठित अनुसंधान अनुदान प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता भारत सरकार की स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए मानव संसाधन विकास योजना के तहत मिली है। कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो. एमके मित्तल ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और अतिथि। स्रोतः विवि

### बौद्धिक संपदा अधिकारों पर हुआ व्याख्यान

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर और पेटेंट विचार) विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. निशा राणा ने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा संकाय के डीन लेफ्टिनेंट प्रो. संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मंजू अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य शोधार्थियों को अपने नवाचारों को कानूनी संरक्षण देने के लिए जागरूक करना था।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **10 OCT 2025** **Page No.** **10**

पेज 10 • H - 10.10.25

# अनुदान से मेहंदी तक छाए सुभारती के छात्र



सुभारती विवि में गुरुवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि के छात्र-छात्राओं ने आईसीएमआर से मिली ग्रांट से लेकर कैंपस में हुई मेहंदी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी विद्यार्थियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया।

**आईसीएमआर से मिली 11 रिसर्च ग्रांट :** सुभारती मेडिकल कॉलेज ने आईसीएमआर से वर्ष 2025 के लिए 11 रिसर्च ग्रांट पाई हैं। इसमें यूजी के छह, एसटीएस और पीजी में पांच थिसिस सपोर्ट अनुदान शामिल हैं। कुलपति प्रो.प्रमोद कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रो.एमके मित्तल ने छात्रों की शोध के प्रति समर्पण की सराहना की।

**छात्रों ने जाना बौद्धिक संपदा अधिकार :** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 'बौद्धिक संपदा अधिकार' विषय पर व्याख्यान हुआ। बतौर मुख्य वक्ता डॉ.निशा राणा ने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क की जानकारी दी। शुभारंभ डीन डॉ.संदीप कुमार ने किया। संयोजक डॉ.मंजू अधिकारी के अनुसार व्याख्यान का उद्देश्य शोधार्थियों को अपने नवाचारों को कानूनी संरक्षण देने के लिए जागरक करना था।

**बढ़ रही डिजिटल कार्यबल की मांग :** इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'सैप यूनिवर्सिटी एलाएंसेसः बिल्डिंग टूमोरौज़ डिजिटल वर्कफोर्स' विषय पर वार्ता हुई। राहुल सचदेव ने डिजिटल कार्यबल की बढ़ती मांग और सैप इकोसिस्टम का महत्व समझाया। वहीं विवि की सांस्कृतिक समिति द्वारा शिक्षा विभाग एवं शारीरिक शिक्षा विभाग में 'विकसित भारत के संगः कला के रंग' थीम पर हुई मेहंदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक डॉ.नेहा सिंह, डॉ.निशा सिंह एवं डॉ.सरिका रहीं।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 12 OCT 2025** **Page No.** **City Page 8**

08- my city

सुभारती विश्वविद्यालय में

आयोजन

## समारोह में ऑपरेशन पवन के ब

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेला शुरू किया गया। इस दौरान हुए स्मृति समारोह में ऑपरेशन पवन के बलिदानियों को भी नमन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास आज के समय की जरूरत है। मेले के माध्यम से लोगों को मनोरंजन का मौका मिलने के साथ तथागत बुद्ध के करुणा, मैत्री तथा सद्भावना के पथ पर चलने ज्ञान प्राप्त करने का अवसर भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय न सिर्फ समाज में विद्या का प्रसार कर रहा है, बल्कि यहां अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा को भी सामने ला रहा है।

सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य है कि तथागत बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। इससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि मेले के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कराने के साथ ही महात्मा बुद्ध के संदेशों को पहुंचाने का कार्य भी किया जा रहा है।

**बलिदानियों की शौर्य गाथा का बखान किया**

समारोह में 1987 में श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन पवन के बलिदानियों को भी याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल हरदेव सिंह लिड्डर, डॉ. अतुल कृष्ण, विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़ ने की। कार्यक्रम का दूसरा सत्र विश्वविद्यालय के सत्यजीत रे सभागार में आयोजित हुआ। इसमें ऑपरेशन पवन में शामिल भारतीय वायुसेना के शौर्य गाथा का बखान किया गया। स्वागत भाषण सुभारती डिफेंस एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने किया। ऑपरेशन

पवन में
प्रेजेंटेशन
लिड्डर

---

अध्यापिकाओं का सहयोग रहा। संवाद

## Campus




मिशन शक्ति कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। स्रोत

### छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की ज

मेरठ। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियां फाउंडेशन शनिवार को आंबेडकर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति कार्य आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों जानकारी दी गई। संचालन कॉलेज कोऑर्डिनेटर रीना सिं पोस्टरों के माध्यम से भी छात्राओं को जागरूक किया गय शिकायत निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 090, 1930 आदि के बारे में बताया गया। अध्यक्ष अंजु कार्यक्रम में मानसी, शोभा, काजल, स्वाति आदि मौजू

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **12 OCT 2025** **Page No.** **6**


हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com अपना मेरठ

06 - H - 12.10.25


### सुभारती विवि में ऑपरेशन पवन के शहीदों को किया नमन, लेफ्टिनेंट जनरल हरदेव सिंह लिड्डर ने ऑपरेशन के बारे में बताया

# केवल दुश्मन नहीं, हमने दुनिया को दिखाया शौर्य

**सुभारती विवि**

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। यह हमारे देश की महानता है कि हमारी सेना दुनिया के दूसरे देशों में भी शांति स्थापना के लिए शामिल होती है। हमारी सेना ने समय-समय पर ना केवल दुश्मनों से देश की रक्षा की बल्कि जब भी विश्व में हमें शांति प्रयास स्थापित करने को कहा गया तब हमारी सेनाओं ने आगे बढ़कर अदम्य साहस दिखाते हुए खुद को साबित किया। श्रीलंका में लिट्टे से मुकाबला और इसके लिए हुआ ऑपरेशन पवन प्रमुख उदाहरण है।

सुभारती विवि में 1987 में श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए भारतीय सेना द्वारा किए ऑपरेशन पवन के शहीदों की स्मृति में हुए समारोह में यह बात लेफ्टिनेंट जनरल हरदेव सिंह लिड्डर (सेनि) ने कही। परम विशिष्ट सेवा मेडल हरदेव सिंह लिड्डर ने ऑपरेशन पवन में 9-पैरा कमांडो को कमांड किया था। समारोह का शुभारंभ लेफ्टिनेंट जनरल हरदेव सिंह लिड्डर, सुभारती समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्णा, कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, ऑपरेशन पवन में शहीद एवं सम्मिलित अधिकारियों के परिजनों ने पुष्पांजलि और अमर जवान ज्योति जलाकर किया।

सुभारती डिफेंस अकादमी निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया। ऑपरेशन पवन में शामिल रहे सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने ऑपरेशन पवन पर केंद्रित प्रस्तुति दी। इसमें लोगों को इस ऑपरेशन को बेहतर ढंग से समझाने का प्रयास किया। इसका उद्देश्य लोगों को यह बताना था किस प्रकार अदम्य साहस और शौर्य दिखाते हुए भारतीय सेना ने लिट्टे के आतंकवादियों का डटकर सामना किया और शांति स्थापित करने में तत्कालीन श्रीलंका सरकार को सहयोग दिया। लिड्डर ने ऑपरेशन के 38 वर्ष के बाद इसमें शामिल सैनिक एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर बलिदानियों को सार्वजनिक मंच देने पर सुभारती का आभार व्यक्त किया।



शनिवार को सुभारती विवि में शहीदों की स्मृति में आयोजित समारोह में मौजूद अतिथि।



शनिवार को सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## सुभारती बुद्ध मेले का किया शुभारंभ

मेरठ, संवाददाता। सुभारती विवि एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में शनिवार को चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेले का शुभारंभ उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सुभारती विवि एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा किया गया प्रयास आज के समय की जरूरत है। मेले में ना सिर्फ मनोरंजन का मौका मिलेगा बल्कि तथागत बुद्ध के करुणा, मैत्री तथा सद्भावना एवं सौहार्द के पथ पर चलने का संदेश भी प्राप्त होगा। समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा सुभारती विवि एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन का यह प्रयास है कि तथागत बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा इस साल चतुर्थ बुद्ध मेला आयोजित हो रहा है। वर्तमान समय में बुद्ध की शिक्षाओं को जानना और उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलना विश्व के कल्याण के लिए जरूरी है।

## Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 13 OCT 2025** **Page No.** **City Page 5**

05 - My-city - अमर उजाला 13.10.25

# कविता से जनमानस तक पहुंचाए बुद्ध के संदेश

## सुभारती विश्वविद्यालय में बुद्ध मेले के दूसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। स्रोत : विवि

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे बुद्ध मेले के दूसरे दिन कवि सम्मेलन किया गया। वहीं अकादमिक गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों को फ्रेंच व कोरियन भाषा के सर्टिफिकेट कोर्सेज के प्रमाणपत्र दिए गए। आप्टोमेट्री विभाग के विद्यार्थी औद्योगिक भ्रमण पर नोएडा गए।

कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से तथागत बुद्ध के संदेशों को जनमानस तक पहुंचाया। अध्यक्षता डॉ. किरण सिंह ने की। कवि डोरीलाल भास्कर, राम गोपाल भारती, मंगल सिंह मंगल, सुल्तान सिंह, सुरेंद्र खेड़ा, कवि गंभीर, अमन जैन और उमंग गोयल ने अपनी रचनाएं पेश कीं।

विवि के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज (भाषा विभाग) में फ्रेंच और कोरियन भाषा के प्रमाणपत्र वितरण समारोह हुआ। कोरियन भाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अदिति को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. पीके शर्मा ने कहा कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान वैश्विक रोजगार और संस्कृति के नए द्वार खोलता है। 44 छात्रों ने नोएडा स्थित 'विजुअल आईज' केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 13 OCT 2025 Page No. 1**

1- H - 13/10/25

## बुद्ध मेले के दूसरे दिन कवि सम्मेलन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के साथ संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेले का आयोजन हो रहा है। दूसरे दिन कवि सम्मेलन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. किरण सिंह ने की। महाकवि डोरीलाल भास्कर, राम गोपाल भारती, मंगल सिंह मंगल, सुल्तान सिंह, सुरेन्द्र खेड़ा, कवि गम्भीर, अमन जैन व उमंग गोयल शामिल रहे। संचालन विवेक बाफर ने किया।

राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजेज में फ्रेंच भाषा के दस छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए, जबकि कोरियन भाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अदिति को सम्मानित किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा ने बधाई दी।



रविवार को सुभारती बुद्ध मेले में दूसरे दिन हुए कार्यक्रमों का शुभारंभ करते अतिथि।

### ऑप्टोमेट्री छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर के ऑप्टोमेट्री विभाग के 44 छात्रों ने नोएडा स्थित 'विजुअल आईज' केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज किशोर मिश्रा ने इस पहल की सराहना की। एससीएएच के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) पंकज किशोर मिश्रा ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित विजुअल आईज, नोएडा के हालिया औद्योगिक दौरे के अपार लाभों पर जोर दिया। विजिट में उनके साथ दो संकाय सदस्य डॉ. रवींद्र कुमार माणिक और खुशी कंसल, ऑप्टोमेट्री विभाग के सहायक प्रोफेसर भी थे।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 14 OCT 2025** **Page No.** **City Page 6**

14/10/25 06 My city

आयोजन

सुभारती विश्वविद्यालय में युवा भागीदारी और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण विषय पर संगोष्ठी

# मेले में दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे बुद्ध मेले के तीसरे दिन युवा भागीदारी और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण विषय पर संगोष्ठी हुई।

इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन नई दिल्ली के सचिव स्वामी मुक्तिमयानंद महाराज मुख्य अतिथि रहे।

इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत स्टॉल का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी नूपूर गोयल ने किया। इसमें विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज उपस्थित रहीं। नूपुर गोयल ने कहा कि मेले में नारी शक्ति को तवज्जो दी गई है। यह सराहनीय प्रयास है।



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में अतिथि। स्रोत : विवि

## आग से सुरक्षा के लिए जागरूक किया

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में आग से सुरक्षा के लिए जागरूकता के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गेल गैस लिमिटेड के सहयोग से हुआ। इसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज रहीं। उन्होंने मानव सुरक्षा के महत्व और आपात स्थितियों में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। गेल गैस लिमिटेड की टीम को सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मॉक ड्रिल में सुरक्षा उपायों की वास्तविक परिस्थितियों में प्रदर्शन किया गया ताकि आग पर काबू पाने की विधियों और आपदा के समय सतर्कता-तत्परता की स्थिति स्पष्ट हो। इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने आपदा प्रबंधन पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **16 OCT 2025** **Page No.** **City Page 6**

का सम्मान देने का प्रतीक होगा।

06 - my - etay - अमर उजाला - 16.10.25 -

## सुभारती में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों-नवाचार कार्यक्रमों की धूम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे बुद्ध मेले के पांचवें दिन तीन दिवसीय दिवाली मेले का समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने उद्घाटन किया।

डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें नौकरी देने वाले बनाना है। यह दिवाली मेला उसी दृष्टि का परिणाम है। यहां विभिन्न संकायों के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम-ज्ञान को व्यावहारिक और व्यावसायिक रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

मेले में पाककला, हस्तशिल्प और मूर्तिकला सहित विद्यार्थियों के विविध स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

सांस्कृतिक मंच पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक बंधु शहजाद जानी, नाजिम जानी और बाबू जान की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सुप्रसिद्ध जादूगर वी सम्राट के जादुई करतबों ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।




सुभारती विश्वविद्यालय में बुद्ध मेले के दौरान डॉ. अतुल कृष्ण के साथ उपस्थित विद्यार्थी। स्रोत : स्वयं

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 16 OCT 2025 Page No. 8**

में चौ.चरण सिंह विवि के 1001-1500 रैंक बैंड में शामिल होने पर खुशी

शामिल हैं। प्रमुख संकेतक शिक्षण, शोध वातावरण, शोध गुणवत्ता, उद्योग से आय

# बुद्ध मेलाः नौकरी ढूंढने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि में जारी चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेले में बुधवार को दिवाली मेले का आगाज हो गया। उद्घाटन सुभारती समूह संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने किया। डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा कि विवि का लक्ष्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें नौकरी ढूंढने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है। प्रसिद्ध तबला वादक बंधु शहजाद जानी-नाजिम जानी और बाबू जान की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। जादूगर वी सम्राट ने दर्शकों को रोमांचित किया।

शिक्षा विभाग और डॉ.अंबेडकर पीठ ने संयुक्त रूप से सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम-2025 के तहत "स्वयं परिवर्तनः सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और सतर्कता को प्रोत्साहित करें' विषय पर बाल कल्याणकारी शिव शिक्षा सदन इंटर कॉलेज घाट में डॉ.इंद्रा, डॉ.अनोज राज, डॉ.रीबा, डॉ. रेशु और डॉ.अर्चना श्रीवास्तव ने गतिविधि की।

एमओई इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने स्टूडेंट काउंसिल और एफईटी के एकलव्य क्लब के साथ



मिलकर इनोवेशन डे 2025 मनाया। 'भविष्य का आविष्कार करें -जहां आज के विचार कल की हकीकत बनते हैं' विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग, विज्ञान, कला, फार्मेसी और होटल प्रबंधन के छात्रों ने अपने विचार प्रदर्शित किए। डीन डॉ.मनोज कपिल, डॉ.अरुणा बंसल, आकाश दीप, अदिति, रुद्राक्ष रहे। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में एलुमनी व्याख्यान में अनुराधा ने वेब-आधारित पुस्तकालय सेवा, पुस्तकालय स्वचालन और पठन संस्कृति बढ़ाने में अनुभव साझा किए। डीन डॉ.सुधीर त्यागी, डॉ.सपना शर्मा आदि रहे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **19 OCT 2025** **Page No.** **City Page 8**

19/10/25 08 My City

आयोजन

सुभारती विवि में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ बुद्ध मेले का समापन

## समानता और मानवता अपनाने का संदेश दिया

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में दीपोत्सव मनाया गया। संस्कृति और सेवा की भावना से ओतप्रोत कई कार्यक्रम किए गए। रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ ही सात दिन तक चले बुद्ध मेले का समापन हो गया। समारोह में समानता और मानवता को अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए।

समारोह की मुख्य अतिथि डीआईजी कल्पना सक्सेना (आईपीएस) रहीं। उनका विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने स्वागत किया। वहीं, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने मुख्य अतिथि को पेंटिंग देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कल्पना सक्सेना ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बौद्ध संस्कृति के रंगारंग कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बुद्ध के संदेश समाज में प्रेम, करुणा और समानता की भावना का प्रसार करते हैं।



सुभारती में हुआ दिवाली मेले का समापन। स्रोत : विवि

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि करुणा और मानवता के मार्ग पर चलकर ही विश्व में शांति संभव है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मान दिया गया।

वहीं, शिक्षा विभाग की ओर से एमएड., बीएड और बीएलएड पाठ्यक्रमों के नवागंतुक छात्रों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी की गई। शिक्षा संकायाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रो. संदीप कुमार ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही वास्तविक प्रकाश का प्रतीक है। विभागाध्यक्ष प्रो. इंदिरा सिंह ने कहा कि योग्य शिक्षक बनकर विद्यार्थी समाज में रोजगार और मूल्यों की सृजन शक्ति बने।

## Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **19 OCT 2025** **Page No.** **6**

19/10/25 06 H

**सुभारती** | बुद्ध एवं दीवाली मेला संपन्न, शिक्षा विभाग की फ्रेशर्स पार्टी और विवेकानंद दर्शन पर केंद्रित पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित

# करुणा-मानवता से होकर जाता है विश्व शांति का मार्ग

**मेरठ, संवाददाता।** सुभारती विवि में शनिवार को शिक्षा, संस्कृति और सेवा पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम हुए। चौथा सुभारती बुद्ध मेला एवं दीवाली मेला संपन्न हो गया। एलुमिनाई ट्रस्ट का सामाजिक सेवा अभियान, शिक्षा विभाग की फ्रेशर्स पार्टी व विवेकानंद दर्शन पर केंद्रित पुस्तक के लोकार्पण समारोह में छात्रों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि डीआईजी कल्पना सक्सेना रहीं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने स्वागत और सुभारती समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने पेंटिंग भेंट कर डीआईजी को सम्मानित किया। कल्पना सक्सेना ने कहा बुद्ध के संदेश समाज में प्रेम, करुणा और समानता की भावना का प्रसार करते हैं। डॉ.शल्या राज ने कहा विश्व शांति का मार्ग करुणा व मानवता से होकर जाता है। एमटीबी न्यास के महानिदेशक मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, कुलपति प्रो.पीके शर्मा, डॉ.वैभव गोयल ने सांस्कृतिक एवं खेल के विजेताओं को पुरस्कृत किया।



सुभारती विवि में शनिवार को बुद्ध एवं दीवाली मेले के समापन पर मौजूद अतिथि।

### जरूरतमंद और वृद्धजनों से की मुलाकात

सुभारती एलुमिनाई ट्रस्ट के सदस्यों ने मेरठ स्थित दयाल अपना घर आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों और जरूरतमंदों से भेंट की। ट्रस्ट सदस्य डॉ. नुपूर कौशिक, डॉ. रुबी, डॉ. अमित कुमार पुनिया, इंजी. गुरु सेवक केसरवानी, डॉ. राखी कुमारी झा मौजूद रहे।

### रिया बालियान, कनिष्का जूही दीक्षित मिस फ्रेशर

मेरठ। शिक्षा विभाग द्वारा एमएड, बीएड और बीएलएड में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी हुई। डीन लेफ्टिनेंट प्रो.संदीप कुमार मौजूद रहे। एमएड प्रथम सेमेस्टर से रिया बालियान, वीरेंद्र, बीएलएड से कनिष्का और आर्यन चौधरी मिस एवं मिस्टर फ्रेशर चुनी गईं।

### स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन

'स्वामी विवेकानंद के दर्शन और मूलभूत मूल्य' पुस्तक का लोकार्पण हुआ। संपादक प्रो.मोनिका मेहरोत्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी शिक्षा और सामाजिक उन्नयन में ऊर्जा का स्रोत हैं। स्वामी मुक्तिमयानंद, स्वामी सर्वलोकानंद, भाकर राय और राजीव राय भी मौजूद रहे। पुस्तक में डॉ.मोनिका मेहरोत्रा, डॉ.दुर्वेश कुमार, डॉ.नियति गर्ग, डॉ.रूबी, अश्विनी कुमार, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, आदेश कुमार, जूली, डॉ.लवली एवं अर्चना सिंह के शोधपत्र शामिल हैं।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 28 OCT 2025** **Page No.** **City Page 6**

28/10/25 06 My

# छात्रों ने गणेश शंकर विद्यार्थी क

## सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में सोमवार को विभिन्न शैक्षणिक और प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ और उनके महान कार्यों को याद किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के बीजेएमसी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संचालन छात्रा जाह्नवी ने किया। सुभारती विवि के मीडिया निदेशक प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन हर पत्रकार के लिए आदर्श है। प्राध्यापक प्रो. अशोक त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक भी थे। विभाग के प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार गौतम ने प्रेरक लघु फिल्म प्रदर्शित की। कार्यक्रम में प्रो. आरपी सिंह, प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. प्रीति सिंह, प्रो. संतोष कुमार गौतम और तरुण जैन सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, छात्र परिषद की ओर से पोलियो उन्मूलन के लिए जागरूक किया गया। इस विषय पर व्याख्यान में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कपिल ने विद्यार्थियों को समय पर टीकाकरण और स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में बताया।



विवेकानंद सुभारती

वस के उपलक्ष्य में वाद-विवाद सहित अन्य प्रतियोगि
र्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर निबंध लेखन,
तियोगिताएं भी कराई गईं। कक्षा दस की सुकीर्ति, प्राच
ी नरगिस वाद-विवाद, कक्षा 11 की हिमांशी, वेदिका
वीण कला प्रतियोगिता, कक्षा आठ के निशान, निशा
कुमार खेलकूद में अव्वल रहे। प्रधानाचार्य लीना शर्मा
ोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस समाज में अ
याय की भावना स्थापित करने का कार्य करती है। संव

## निशुल्क कक्षा के लिए कराएं रजि

रठ। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओंके
भ्युदय योजना के तहत यूपीपीसीएस मेंस 2025 परी
ुरू की जा रही हैं। यह कक्षा 10 नवंबर 2025 से स
जीनियरिंग कॉलेज में आरंभ होंगी। जिला समाज कल्
कुमार सिंह बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का
ेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रतियोगी परी
यारी का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि
पीपीसीएस मेंस की परीक्षा के लिए आवेदन किया है।
लने वाली कोचिंग कक्षाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **28 OCT 2025** **Page No.** **City Page 6**

# छात्रों ने गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर किया नमन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में सोमवार को विभिन्न शैक्षणिक और प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ और उनके महान कार्यों को याद किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के बीजेएमसी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संचालन छात्रा जाह्नवी ने किया। सुभारती विवि के मीडिया निदेशक प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन हर पत्रकार के लिए आदर्श है।

### सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से जयंती के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

प्राध्यापक प्रो. अशोक त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक भी थे। विभाग के प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार गौतम ने प्रेरक लघु फिल्म प्रदर्शित की। कार्यक्रम में प्रो. आरपी सिंह, प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. प्रीति सिंह, प्रो. संतोष कुमार गौतम और तरुण जैन सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं, छात्र परिषद की ओर से पोलियो उन्मूलन के लिए जागरूक किया गया। इस विषय पर व्याख्यान में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कपिल ने विद्यार्थियों को समय पर टीकाकरण और स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में बताया।



विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में उपस्थित अतिथि। स्रोत : स्वयं

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता कराई

कॉलेज के लॉ विभाग में प्रथम अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता कराई गई। इसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति व निदेशक राजेश चंद्र और संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल के संरक्षण में यह आयोजन हुआ। इसमें भारत और अफ्रीका के कई विश्वविद्यालयों की 124 टीमों ने सहभागिता की। इनमें 16 टीमों को प्रारंभिक चरण के लिए चयनित किया गया। मध्य प्रदेश से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, तंजानिया अफ्रीका से संत अगस्टीन यूनिवर्सिटी, राजकीय विधि महाविद्यालय सलेम आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 28 OCT 2025** **Page No. 4**

H 28/10/25 04

# गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई

**मेरठ, संवाददाता।** सुभारती विवि में सोमवार को शैक्षणिक गतिविधियों में छात्रों ने प्रतिभाग किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में क्रांतिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई गई। संचालन जाह्नवी ने किया।

मीडिया निदेशक प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन प्रत्येक पत्रकार के लिए आदर्श है। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अशोक त्यागी ने कहा गणेश शंकर विद्यार्थी केवल एक पत्रकार नहीं बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन के प्रेरक भी थे। डॉ. संतोष कुमार गौतम द्वारा लघु फिल्म प्रदर्शित करते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन के पहलुओं को दिखाया। प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. प्रीति सिंह, प्रो. संतोष कुमार गौतम एवं तरुण जैन रहे। वहीं, छात्र परिषद द्वारा विश्व पोलियो दिवस पर 'टीकाकरण के प्रति जागरूकता: सुरक्षित भविष्य की दिशा में' विषय पर डॉ. सरताज अहमद और डॉ. श्वेता भारद्वाज के निर्देशन में व्याख्यान हुआ। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कपिल राओटे ने छात्रों को प्रेरित किया। फिजियोथेरेपी विभाग के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार गोयल और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कायनात हसन ने छात्रों को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में टीकाकरण की भूमिका को पेश किया।

लॉ कॉलेज में अंतर राष्ट्रीय संविदा विधि पर मूट कोर्ट प्रतियोगिता में छात्रों ने हिस्सा लिया। निदेशक राजेश चन्द्र और डीन लॉ प्रो. वैभव गोयल भारतीय के निर्देशन में भारत व अफ्रीका के विवि से 124 टीमों ने हिस्सा लिया।



सुभारती में सोमवार को गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर मौजूद अतिथि व छात्र।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **29 OCT 2025** **Page No.** **City Page 5**

# विधि एवं प्रौद्योगिकी के समन्वय से नियंत्रित होंगे साइबर अपराध : गुप्ता

## सुभारती विवि में साइबर अनुपालन और विधिक अभ्यास पर हुआ व्याख्यान

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल लॉ कॉलेज में मंगलवार को साइबर अनुपालन और विधिक अभ्यास विषय पर व्याख्यान हुआ। इसमें मुख्य वक्ता एडवोकेट शंशाक मोहन गुप्ता ने कहा कि विधि एवं सूचना प्रौद्योगिकी के समन्वय से साइबर अपराध नियंत्रित हो सकते हैं।

ये दोनों मिलकर ही डिजिटल की दुनिया को नियंत्रित करते हैं। इसमें ऑनलाइन गतिविधियों को विनियमित करने, साइबर अपराध रोकने, गवर्नेंस, ई-कॉमर्स आदि को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आप आईटी पेशेवर नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर, साबर सुरक्षा विश्लेषक या साइबर कानून विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो रीना बिश्नोई, डॉ सारिका त्यागी, डॉ. प्रेम चंद्रा, डॉ. आफरीन अलमास, एना सिसोदिया, सोनल जैन, शिवानी, अनुराग, मुस्कान आशुतोष देशवाल और हर्षित आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर ने सिल्वर लाइन लैबोरेट्रीज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान प्राध्यापक प्रो. पंकज किशोर मिश्रा, गगन



सुभारती विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ एवं अतिथि। स्रोत : विवि

साहनी टेक्निकल डायरेक्टर सिल्वर लाइन लैबोरेट्रीज, डॉ. रवींद्र कुमार माणिक एचओडी ऑप्टोमेट्री विभाग, डॉ. अंशु कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date-** **29 OCT 2025** **Page No.** **7**

29/10/25 07 H

# आईटी और साइबर लॉ उभरते हुए क्षेत्र

## सुभारती विवि



मंगलवार को सुभारती विवि में एमओयू पर साइन करते अतिथि। हिन्दुस्तान

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** सुभारती विवि में मंगलवार को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सरदार पटेल लॉ कॉलेज में साइबर अनुपालन और विधिक अभ्यास विषय पर चर्चा हुई। जबकि सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर के ऑप्टोमेट्री विभाग ने ऑप्टोमेट्री छात्रों की शैक्षणिक गतिविधि प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के लिए सिल्वर लाइन लैबोरेट्रीज दिल्ली के साथ एमओयू साइन किए।

लॉ कॉलेज में निदेशक राजेश चन्द्रा और डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय के निर्देशन में व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता एडवोकेट शशाक मोहन ने कहा विधि एवं प्रौद्योगिकी के, समन्वय और आधुनिक लीगल प्रैक्टिस में साइबर विधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं साइबर कानून मिलकर डिजिटल दुनिया को नियंत्रित करते हैं, जिसमें ऑनलाइन गतिविधियों को विनियमित करने, साइबर अपराधों को रोकने, गवर्नेंस, ई-कॉमर्स को सुरक्षित बनाया जा सकता है। प्रो.रीना बिश्नोई, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेम चन्द्रा, डॉ.आफरीन अलमास, एना सिसोदिया, सोनल जैन, शिवानी, अनुराग, मुस्कान आशुतोष देशवाल, हर्षित मौजूद रहे।

**सिल्वर लाइन लैबोरेट्रीज के साथ एमओयू : सुभारती कॉलेज ऑफ** एलाइड एंड हेल्थ केयर ने सिल्वर लाइन लैबोरेट्रीज के साथ एमओयू साइन किया है। यह एमओयू सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर के प्राध्यापक प्रो.पंकज किशोर मिश्रा, गगन साहनी, डॉ.रवींद्र कुमार माणिक, डॉ.अंशु कुमार सिंह एवं डॉ.मीनाक्षी मिश्रा उक्त एमओयू के मौजूद रहे। प्रो.पंकज किशोर मिश्रा ने विचार रखे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 31 OCT 2025** **Page No.** **City Page 6**

31/10/25 06 My city

# आपसी एकता और समर्पण से ही महाशक्ति बनेगा भारत : पिल्लई

## सुभारती विवि में हुए समारोह में बोले आजाद हिंद फौज से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट आर माधवन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। सुभारती विवि में अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। समारोह में 101 वर्षीय आजाद हिंद फौज (आईएनए) के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट आर माधवन पिल्लई भी मौजूद रहे। उन्होंने आईएनए का अमर गीत गाकर जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि आपसी एकता, समर्पण और विश्वास से ही भारत महाशक्ति बन सकेगा।

लॉ कॉलेज परिसर में सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण हुआ। इसे रेडियोलॉजिस्ट प्रो. पीके. गुप्ता और उनकी पत्नी पूर्व प्रो. कुमकुम गुप्ता ने दान किया है। सुभारती डिफेंस एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट पिल्लई ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाई।





समारोह को संबोधित करते लेफ्टिनेंट आर माधवन और उपस्थित श्रोता। संवाद

उन्होंने हमें एकता, समर्पण और विश्वास का तीन सूत्रीय मंत्र दिया। संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति प्रो. पीके शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. अतुल कृष्ण ने लेफ्टिनेंट पिल्लई को दंडवत प्रणाम किया। साथ ही घोषणा की कि आज से 21 अक्तूबर 2026 तक अखंड भारत स्वतंत्रता दिवस के तहत सालभर कार्यक्रम चलेंगे। अगले साल सबसे अभूतपूर्व समारोह होगा। इसमें जिले की शिक्षण संस्थाओं से हजारों छात्र शामिल होंगे।

स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा कि वीर सेनानियों के बलिदान को कभी न भूलें। इस दौरान सेवानिवृत्त हवलदार विरेंद्र पंघाल और शहीद हवलदार गजपाल के परिवार को सम्मानित किया गया। आईएनए की सिपाही स्वर्गीय कमाची अमल की पौत्री एस लक्ष्मी को भी सम्मानित किया गया।

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 31 OCT 2025 Page No. 5**


हिन्दुस्तान

मेरठ, शुक्रवार, 31 अक्तूबर 2025 06


# ता, समर्पण, विश्वास के भाव के सूत्र

## पार्कों की स्थिति खराब खुद करते हैं सफाई



लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी पार्कों की स्थिति बहुत खराब है। एक भी पार्क ऐसा नहीं है जिसकी चारों दीवारें सही हों। सभी टूटी-फूटी स्थिति में हैं। पार्कों में गंदगी के अलावा कुछ नहीं है। बच्चों को खेलने के लिए आसपास के लोग खुद ही मिलकर सफाई करने में जुट जाते हैं। नगर निगम का कोई भी कर्मचारी सफाई के लिए इस इलाके में नहीं आता है। पार्कों में गंदगी के साथ बड़ी-बड़ी घास हो जाती है, जिसकी सफाई होनी चाहिए। जिसमें कीड़े और सांप पैदा हो जाते हैं।

ऐसे में बच्चे कहां खेलें, पार्कों की स्थिति को सुधारी जानी चाहिए। नगर निगम और आवास विकास को मिलकर इस इलाके के पार्कों की व्यवस्था सुधारनी चाहिए।




अखंड भारत का स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया।

न के
ढ़ाए जा'
ति के जोश
डॉ.अतुल
ते नारायण
शर्मा, पूर्व

कुलपति कर्नल डॉ.एनके आहूजा, सुभारती डिफेंस अकादमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने लेफ्टिनेंट पिल्लई को अंगवस्त्र, माला, पगड़ी एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

### अगले साल होगा सबसे भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

डॉ.अतुल कृष्ण ने लेफ्टिनेंट आर.माधवन पिल्लई को नेताजी का प्रतिरूप कहते हुए दंडवत प्रणाम कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा 21 अक्तूबर 2026 तक अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में अनेक कार्यक्रम होते रहेंगे। अगले वर्ष 21 अक्तूबर को अब तक का सबसे अभूतपूर्व अखंड भारत का स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। डॉ.अतुल ने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता बनाए रखने में योगदान देने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा हमें यह याद रखना चाहिए कि उनके अमर बलिदान से ही आज हमारा भारत स्वतंत्र है।

### सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण हुआ

समारोह में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर लॉ कॉलेज कैंपस में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण हुआ। रेडियोलॉजिस्ट एवं सुभारती शहीद स्मारक उपवन क्लब के संरक्षक सदस्य प्रो.पीके गुप्ता एवं उनकी पत्नी डॉ.कुमकुम गुप्ता ने सरदार पटेल की यह मूर्ति भेंट की है। समारोह में कुलपति प्रो.पीके शर्मा, डॉ.वैभव गोयल भारतीय एवं डॉ.आफरीन अल्मस सहित सभी शिक्षक, छात्र एवं अधिकारी मौजूद रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 31 OCT 2025** **Page No. 5**

31/10/25 05 H

# सुभाष चंद बोस ने दिए थे एकता, समर्पण, विश्वास के भाव के सूत्र

**सुभारती विवि**

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश को आजादी दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने हमें तीन सूत्र वाक्य दिए थे। नेताजी ने हमें एकता, समर्पण और विश्वास के भाव को अपने जीवन में रखने को कहा था। नेताजी बोले थे कि यदि हमने इन तीनों को अपने जीवन में अपना लिया तो हम अपने देश को स्वतंत्र भी करा पाएंगे और इसे एक संप्रभु राष्ट्र बना सकेंगे।

सुभारती विवि में गुरुवार को मनाए अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह में यह बात आईएनए के पूर्व नियोजन अधिकारी लेफ्टिनेंट आर माधवन पिल्लई ने कही। 101 वर्षीय आर माधवन पिल्लई आजाद हिन्द फौज के भर्ती अधिकारी रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह और सरदार पटेल की जयंती का शुभारंभ भारत माता और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। लेफ्टिनेंट पिल्लई ने आजाद हिन्द फौज के चर्चित गीत 'कदम-कदम बढ़ाए जा' गाते हुए श्रोताओं में देशभक्ति के जोश भर दिया। विवि संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, कुलाधिपति डॉ.स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति प्रो.पीके शर्मा, पूर्व कुलपति कर्नल डॉ.एनके आहूजा, सुभारती डिफेंस अकादमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने लेफ्टिनेंट पिल्लई को अंगवस्त्र, माला, पगड़ी एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

### ये भी किए गए सम्मानित

समारोह में भारतीय शांति सेना से सेवानिवृत्त हवलदार विरेंद्र कुमार पंघाल एवं शहीद हवलदार गजपाल का परिवार सम्मानित किया। आईएनए की रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट की सिपाही एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कमाची अमल की पौत्री एस.लक्ष्मी सम्मानित की गईं। डॉ.प्रीति सिंह द्वारा संपादित पुस्तक 'आजाद हिंद टू विकसित भारत' पुस्तक का विमोचन हुआ।



सुभारती विवि में गुरुवार को अखंड भारत का स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया।

### अगले साल होगा सबसे भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

डॉ.अतुल कृष्ण ने लेफ्टिनेंट आर.माधवन पिल्लई को नेताजी का प्रतिरूप कहते हुए दंडवत प्रणाम कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा 21 अक्तूबर 2026 तक अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में अनेक कार्यक्रम होते रहेंगे। अगले वर्ष 21 अक्तूबर को अब तक का सबसे अभूतपूर्व अखंड भारत का स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। डॉ.अतुल ने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता बनाए रखने में योगदान देने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा हमें यह याद रखना चाहिए कि उनके अमर बलिदान से ही आज हमारा भारत स्वतंत्र है।

### सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण हुआ

समारोह में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर लॉ कॉलेज़ कैंपस में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण हुआ। रेडियोलॉजिस्ट एवं सुभारती शहीद स्मारक उपवन क्लब के संरक्षक सदस्य प्रो.पीके गुप्ता एवं उनकी पत्नी डॉ.कुमकुम गुप्ता ने सरदार पटेल की यह मूर्ति भेंट की हैं। समारोह में कुलपति प्रो.पीके शर्मा, डॉ.वैभव गोयल भारतीय एवं डॉ.आफरीन अल्मस सहित सभी शिक्षक, छात्र एवं अधिकारी मौजूद रहे।